# थाना समाधान दिवस में पहुंचे एसपी उत्तरी, सुनीं फरियादियों की समस्याएं

■ नए आरक्षियों से किया संवाद, थाने की व्यवस्थाओं का भी लिया जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** शनिवार को कोतवाली देवरनियां में आयोजित थाना समाधान दिवस में एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्र पहुंचे और फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने थाने की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के साथ नए तैनात आरक्षियों से संवाद भी किया।

हर माह के दूसरे और चौथे शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम जनता की समस्याएं सुनती है। खासतौर पर जमीन संबंधी विवादों के समाधान के लिए यह व्यवस्था कारगर साबित हो रही है।

शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्र ने फरियादियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि समाधान दिवस में राजस्व विभाग से जुड़ी छह शिकायतें दर्ज की गईं, जिनके निस्तारण के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है।

इस दौरान एसपी उत्तरी ने थाने के मैस का निरीक्षण कर साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नए आए आरक्षियों से बातचीत कर उन्हें अनुशासन, जनता से व्यवहार और अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसपी उत्तरी ने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और थाने की साफ-सफाई को लेकर कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी की सराहना भी की।

इस मौके पर एसएसआई विपिन कुमार तोमर, एसआई मुकेश सिंह समेत थाना स्टाफ मौजूद रहा।

# निजी शिक्षकों ने एमएलसी को बताई अपनी समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** आज शनिवार को क्षेत्र के ग्राम गंगापुर स्थित एशियन विधि न्यायक विज्ञान महाविद्यालय में बरेली मुरादाबाद एमएलसी हरि सिंह ढिल्लों ने कॉलेज के अध्यक्ष एडवोकेट नंदकिशोर के साथ शिक्षकों की समस्या के साथ ही उन्होंने पार्टी की नीति नई शिक्षा नीतियों पर विस्तार से चर्चा की।

आगामी वर्ष 2027 में होने वाले विधान सभा चुनाव पर गहन वार्ता की गई । शिक्षकों की समस्याओं की जानकारी करने के बाद एमएलसी पूर्व सरपंच लालता प्रसाद के निधन होने पर उनके निवास पर पहुंचे और अपनी संवे. दना व्यक्त की। इस दौरान एडवोकेट प्रदीप सूरी, सुरेंद्र गंगवार , टी आर गंगवार, कॉलेज की डायरेक्टर रेशम एडवोकेट, भाजपा नेता रघुवीर सिंह बीरे, अभिषेक के साथ ही कई शिक्षकों के साथ ही ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### शादी समारोह में कहासुनी के बाद मारपीट में दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** शादी समारोह में दावत खाने आए मेहमान से कहासुनी के बाद मारपीट में दो लोग घायल हो गए।पुलिस ने 4 नामित व 4-5 अज्ञात सहित 9 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मिलक जिला रामपुर के गांव क्योरार निवासी घनश्याम ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को वह व उनका भांजा अमित निवासी ग्राम भौंरकी थाना कैमरी थाना शीशगढ़ के गांव सहोड़ा के निकट स्थित श्री राम पैलेश में शादी समारोह में आए हुए थे। कि रात में खाना खाते समय थाना शीशगढ़ के गांव गोकिलपुर निवासी लाल सिंह,ब्रजमोहन,ओमपाल,गौरव व 4--5 अन्य लोगों से किसी बात पर मामूली कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि उस समय कुछ लोगों ने मामला रफा दफा करवा दिया था।कि थोड़ी देर बाद उक्त लोग दो कारों से आए और मुझे व मेरे भांजे अमित को मारने को लिपट गए तथा कोई धारदार चीज मेरे व भांजे के सिर में मार दी। जिससे हम दोनों के गम्भीर चोटें आई हैं।कुछ करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने घनश्याम की तहरीर पर 4 नामजद व चार पांच अज्ञात सहित 9 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर घायलों को मेडिकल को भेज जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी के साथ दुराचार का प्रयास किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रील एडिट कर वायरल की, किशोरी ने पुलिस को दी तहरीर

**नवाबगंज।** एक किशोरी को रील बनाने का शौक खासा मंहगा साबित हुआ है। क्षेत्र की रहने वाली किशोरी गुजरी 3 मई को थाना क्षेत्र के गांव के अपने नाना के घर मेहमानी करने गई थी। उसे रील बनाने का शौक है, 5 मई को शाम करीब पांच बजे वह गांव के मन्दिर की ओर रील बनाने जा रही थी कि गांव का एक मनचला उसके पीछे पीछे आने लगा। आरोप है उसने अकेला देख किशोरी के साथ अश्लील बातें की, इतना ही नहीं उसने किशोरी का हाथ पकड़कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का प्रस्ताव करने लगा।

आरोप है कि किशोरी के शोर मचाए जाने पर मनचला युवक उसकी बनाई वीडियो/रील को एआई से एडिट कर वायरल करने की धमकी देकर भाग गया। बताया जाता है कि किशोरी ने बदनामी का डर की वजह से इसकी शिकायत नहीं की थी। दो दिन पहले आरोपी युवक ने किशोरी की वीडियो/रील को ए आई द्वारा एडिट कर अश्लील कमेन्ट करने, गले मिलते हुए सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए, जिससे किशोरी परेशान हो गई। शनिवार को कोतवाली पहुंचकर उसने घटना की तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है।

# बहेड़ी राइस मिल एसोसिएशन ने गौशालाओं के लिए बढ़ाया सहयोग का हाथ



■ नई मकरू गौशाला में दो ट्राली भूसा किया दान, कल भी जारी रहेगा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बरेली जिला खाद्य विपणन अधिकारी के आह्वान पर राइस मिल एसोसिएशन बहेड़ी ने कान्हा गौशालाओं में भूसे की व्यवस्था कराने के लिए सहयोग अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में संगठन की ओर से 10 ट्राली भूसा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

शनिवार को नई मकरू स्थित गौशाला में संगठन द्वारा दो ट्राली भूसा दान किया गया। दान किए गए भूसे की मात्रा करीब 25 कुंतल बताई गई है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 10 हजार रुपये है। गौशाला प्रबंधन ने संगठन के इस सहयोग की सराहना करते हुए आभार जताया।

संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि बेसहारा गोवंशों के लिए चारे की व्यवस्था को लेकर यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। रविवार को भी राइस मिल एसोसिएशन की ओर से भूसा दान किया जाएगा। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष नईम अहमद, अलीम पप्पू, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद नदीम पारोही, मोहम्मद जावेद तथा मिलन राइस मिल समेत संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# थाना दिवस में आए राजस्व के विवाद, एसडीएम निधि शुक्ला ने दिए कार्रवाई के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिम।** शनिवार को थाना परिसर में समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें फरियादियों की समस्याएं सुनने पहुंचीं निधि शुक्ला ने अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। थाना दिवस में सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग और अवैध कब्जों से संबंधित रहीं। एसडीएम ने हल्का लेखपालों एवं दरोगाओं को मौके पर जाकर जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए।

थाना दिवस में चिटोली गांव के प्रधान अनुज कुमार ने गांव में घूरे के गड्ढों की समस्या उठाई। वहीं चनेटा गांव से चक मार्ग पर पेड़ खड़े होने एवं अवैध कब्जे की शिकायत आई। अगरास गांव से मकान विवाद का मामला पहुंचा, जबकि नौगवां घाटमपुर गांव से रास्ते पर कब्जे की शिकायत दर्ज कराई गई। इसके अलावा कस्बे के मोहल्ला भिटोरा से उमेश मिश्रा ने तालाब की भूमि पर कब्जे की शिकायत की एसडीएम ने तत्काल जांच के निर्देश दिए।

एसडीएम निधि शुक्ला ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान कराया जाएगा। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फरियादियों को निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया।इस दौरान थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह व थाना क्षेत्र के सभी हल्का दरोगा एवं लेखपाल मौजूद रहे।

### बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्वे के मोहल्ला शेखुपुरा निवासी पीड़िता फरहा बी ने पुलिस को बताया कि कस्वे के ही मोहल्ला बहेड़ी बस अड्डा निवासी सुहैल ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया था। तथा शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शारिरिक सम्बन्ध भी बना लिया।फिर बाद में शादी नहीं की तो उसने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवा दी। जिसके बाद आरो. पित सोहेल ने वर्ष 2024 में उसके साथ कोर्ट मैरिज की तथा बाकायदा मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह भी हुआ था।फिर दुष्कर्म का मुकदमा भी खत्म करवा दिया गया। पीड़िता ने बताया कि उसने कुछ दिन तक ठीक से रखा और फिर बाद में मेरे साथ मारपीट करने लगा। आरोप है दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उसका शारीरिक व मानशिक उत्पीड़न भी करने लगा।साथ ही पति सहित ससुराल बाले बुलेट की मांग पूरी न होने पर उसे तलाक देकर दूसरी शादी करने की धमकी देने लगे। कि गत 15 दिन पहले उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिसके बाद वह मायके में रह रही है।आरोप है कि उसका पति किसी दूसरी लड़की को भगाकर ले गया है तथा दूसरी लड़की से शादी भी कर ली है।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति सोहेल,सास,ससुर,देवर सहित 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सफल रही राष्ट्रीय लोक अदालत, 2 लाख 45 हजार से अधिक वादों का निस्तारण

■ सुलह-समझौते के आधार पर पारित हुए 18 करोड़ से अधिक की धनराशि के आदेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह-द्वितीय ने मां सरस्वती एवं भगवान गणेश की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों, विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों, अधिवक्ताओं और विभागीय अधिकारियों ने प्रतिभाग कर लंबित वादों का निस्तारण कराया। अपर जनपद न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी उमा शंकर कहार ने बताया कि लोक अदालत में कुल 2,45,366 वादों का सफल निस्तारण किया गया, जबकि 18 करोड़ 14 लाख 32 हजार 199 रुपये की धनराशि के आदेश पारित किए गए। सत्र न्यायालयों में 437 वादों का निस्तारण कर 70 लाख चार हजार 900 रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गई। दीवानी न्यायालयों ने 84,012 वादों का निस्तारण कर 17 लाख 29 हजार 999 रुपये तथा फौजदारी न्यायालयों ने 5,638 वादों का निस्तारण कर 17 लाख एक हजार 850 रुपये की जुर्माना धनराशि के आदेश पारित किए। लोक अदालत में पारिवारिक विवादों के भी समाधान कराए गए। प्रधान न्यायाधीश मोहम्मद अशरफ अंसारी ने 45 मामलों में आपसी समझौता कराया, जबकि अपर प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने 54 वादों का निस्तारण किया। इस प्रकार कुल 99 जोड़ों के बीच सुलह कराई गई।

वाणिज्यिक न्यायालय ने तीन वादों का निस्तारण कर 33 लाख 40 हजार रुपये की समझौता धनराशि के आदेश पारित किए, जबकि श्रम विभाग ने 6,507 मामलों का निस्तारण कर दो करोड़ 76 लाख 54 हजार 329 रुपये की समझौता राशि तय कराई। पुलिस विभाग ने 59,572 मामलों का निस्तारण किया, जिनमें 22,463 ई-चालान शामिल रहे।

वहीं विभिन्न न्यायालयों और यातायात पुलिस द्वारा कुल 1,08,309 ई-चालानों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जया प्रियदर्शिनी ने बताया कि बैंक ऋण संबंधी मामलों के निस्तारण के लिए 25 पीठों का गठन किया गया था, जिनके माध्यम से 893 वादों का निस्तारण कर 11 करोड़ 59 लाख 41 हजार रुपये की ऋण धनराशि वसूल की गई। लोक अदालत परिसर में केंद्रीय कारागार के बंदियों द्वारा तैयार हस्तशिल्प वस्तुओं एवं औषधीय पौधों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों तथा 'एक जनपद एक उत्पाद' और 'एक जनपद एक पकवान' की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।

आम जनता की सहायता के लिए लोक अदालत परिसर में हेल्प डेस्क भी बनाया गया, जहां पैरा लीगल वालंटियर और लीगल एड डिफेंस काउंसिल मौजूद रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में न्यायिक अधिकारियों, बैंक एवं बीमा कंपनियों के अधिकारियों, न्यायिक कर्मचारियों, पराविधिक स्वयंसेवकों तथा मीडिया कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### सेमीखेड़ा बना हादसों का केंद्र, बुजुर्ग की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

हाईवे पार करते समय बाइक की टक्कर, तीन युवक भी घायल

**देवरनियां।** थाना क्षेत्र में बरेली-नैनीताल हाईवे पर शुक्रवार रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, देवरनियां कोतवाली से करीब दो किलोमीटर दूर सेमीखेड़ा निवासी कैलाश चन्द्र गुप्ता (72) शुक्रवार रात हाईवे पार कर धूरा डालने जा रहे थे। इसी दौरान बहेड़ी की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कैलाश चन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं बाइक पर सवार देवरनियां थाना क्षेत्र के गांव कठर्रा निवासी इकरार अली व इरशाद अली पुत्रगण इस्लाम अली समेत तीन युवक घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक अभी मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

गौरतलब है कि सेमीखेड़ा क्षेत्र लंबे समय से हादसों का केंद्र बना हुआ है। यहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन हादसों की रोकथाम के लिए अब तक कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए हैं।

# बहेड़ी तहसील में जनगणना कार्यक्रम का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील परिसर में शनिवार को जनगणना कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम इशिता किशोर ने किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना देश के विकास और योजनाओं के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए सभी नागरिक जनगणना कार्य में पूरा सहयोग करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं।

उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़ों के आधार पर सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं तैयार करती है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह बिना किसी संकोच के सही एवं सटीक जानकारी दे, ताकि योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच सके।

कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार भानू प्रताप सिंह सहित सभासद सलीम चंदा, ताहिर पप्पू, दिनकर गुप्ता, ओमप्रकाश गबरू, बाबू अंसारी, मोहम्मद जाकिर, वाहिद खान, वाजिद अंसारी, तस्कीन मियां और महेश शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हाईस्कूल टॉपर मुस्कान बनीं एक दिन की प्रधानाचार्य, दक्ष गंगवार उपप्रधानाचार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संत मंगलपुरी इंटर कॉलेज प्रशासन ने हाईस्कूल परीक्षा की टॉपर छात्रा मुस्कान को एक दिन का प्रधानाचार्य और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले दक्ष गंगवार को उपप्रधानाचार्य नियुक्त किया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में दोनों छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



कॉलेज में हाईस्कूल परीक्षा में 91.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल करने वाली मुस्कान ने प्रधानाचार्य की कुर्सी संभालते हुए छात्रों एवं अभिभावकों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के निर्देश दिए।

उपप्रबंधक बाबा अरविंद गिरि एवं प्रधानाचार्य सोनू गुप्ता ने दोनों मेधावी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया। कॉलेज प्रशासन ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को नेतृत्व के लिए प्रेरित करना और शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाना है।

### जनसुनवाई रैंकिंग में बरेली की बड़ी छलांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



प्रदेश स्तर पर हासिल किया छठा स्थान, चार तहसीलें रहीं नंबर वन

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद बरेली ने जनसुनवाई रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार दर्ज करते हुए माह अप्रैल में प्रदेश स्तर पर छठा स्थान हासिल किया है। मार्च माह में जनपद की रैंकिंग दसवें स्थान पर थी, जिसके मुकाबले यह बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अब रैंकिंग में भी दिखाई देने लगा है। तहसीलवार प्रदर्शन में भी बरेली जनपद की कई तहसीलों ने शानदार काम किया है। तहसील बहेड़ी, सदर, फरीदपुर और मीरगंज ने जनसुनवाई एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण के आधार पर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन का विश्वास प्रशासन पर और मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रशासनिक कार्यप्रणाली में निरंतर सुधार और जनसेवा के प्रति अधिकारियों की प्रतिबद्धता का परिणाम है।

# यूपी-उत्तराखंड बॉर्डर पर सुरक्षा का डीएम ने किया किया व्यवस्था का निरीक्षण

■ संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और वाहनों की सघन चेकिंग के आदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार को पुलिस चेकपोस्ट उत्तराखण्ड बॉर्डर का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं आवागमन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को बॉर्डर क्षेत्र में विशेष सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए।

डीएम ने अधिकारियों से कहा कि संदिग्ध गति. विधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जाए, तथा आने-जाने वाले वाहनों की नियमित एवं सघन चेकिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई करने तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की लगातार समीक्षा करते रहने के निर्देश भी दिए गए। बॉर्डर क्षेत्र में मौजूद व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार संबंधी दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## मेगा फूड पार्क का भी किया निरीक्षण

वहीं दूसरी ओर जिलाधिकारी ने मेगा फूड पार्क, बहेड़ी का भी स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों एवं संचालित व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि परियोजना से जुड़ी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं और कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। इस मौके पर एसडीएम इशिता किशोर तहसीलदार भानू प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कुंडा भूमि से हटाया गया अतिक्रमण, राजस्व टीम ने कराई पैमाइश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील क्षेत्र के गांव ठिरिया खेतल में जलमग्न कुंडा भूमि पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासन ने शनिवार को हटवा दिया। गांव की गाटा संख्या 1070 ख की भूमि राजस्व अभिलेखों में कुंडा के रूप में जलमग्न भूमि दर्ज है।गांव निवासी नेमपाल ने गत दिनों कुछ लोगों पर जलमग्न भूमि के हिस्से में कूड़ा डालकर पटान करने का आरोप लगाते हुए पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। मामले का संज्ञान लेते हुए एसडीएम के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक ब्रज किशोर कटियार एवं राजस्व कर्मचारी आदित्य गंगवार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और भूमि की पैमाइश कराई। पैमाइश में जलमग्न भूमि पर अतिक्रमण की पुष्टि होने पर प्रशासन ने जेसीबी मशीन मंगाकर कुंडा भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा दिया। कार्रवाई के दौरान शिकायतकर्ता नेमपाल भी मौके पर मौजूद रहे। राजस्व विभाग ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी है।

# समझौते के बाद युवक को मोबाइल पर धमकाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** कस्बा के मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी युवक ने एक व्यक्ति पर मारपीट के बाद समझौता होने के बावजूद मोबाइल पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजेंद्र नगर निवासी अरुण कुमार पुत्र हरप्रसाद गंगवार का आरोप है कि गत 28 मार्च की रात नोएडा स्थित संस्कार फिल्म्स स्टूडियो के बाहर मुरादाबाद के नवीननगर स्थित एमडीए कॉलोनी निवासी अमन मलिक ने उसके साथ मारपीट की थी। घटना के बाद अरुण ने मामले की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर की थी। बताया गया कि तीन अप्रैल को कुछ लोगों के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया था।अरुण का आरोप है कि समझौते के बाद भी आरोपी अमन मलिक मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन गाली-गलौज कर रहा है तथा जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोप है कि व्हाट्सएप पर उसके बारे में आपत्तिजनक बातें लिखकर मारपीट का वीडियो भी भेजा जा रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शुक्रवार को आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नवाबगंज क्षेत्र की युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी महिला ने अपनी 18 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसकी पुत्री 4 मई को घर से लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो परिवार को संदेह हुआ कि क्षेत्र के गांव कल्याणपुर हिम्मत अली का रतन पुत्र गुलाब सिंह उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

युवती की मां ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए थाना नवाबगंज में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक ज्योति त्यागी को सौंपी गई है।

# टूर पैकेज के नाम पर करोड़ों की ठगी

■ रेंजर्स क्लब के तीन निदेशक धरे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** लग्जरी टूर पैकेज बुक कराने के नाम पर लोगों को ठगने वाले गिरोह का पुलिस ने शनिवार को पर्दाफाश किया। इस मामले में एक कंपनी के तीन निदेशकों को गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि पकड़े गए निदेशकों ने विभिन्न राज्यों के सौ से अधिक लोगों के साथ पांच करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है।

एडिशनल डीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों को सेक्टर-32 स्थित एक मॉल से गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान इमरान खान, अभय कुमार और शैलेन्द्र सिंह के रूप में हुई। आरोपी रेंजर्स क्लब नाम की कंपनी चलाते थे और खुद को बड़ी ट्रैवल कंपनी का प्रतिनिधि बताकर लोगों को सस्ते और लग्जरी टूर पैकेज का लालच देते थे। यह दावा करते थे कि उनकी कंपनी पर्यटन मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है। भरोसा दिलाने के लिए फर्जी आईकार्ड, फर्जी मोहरें और मंत्रालय से जुड़े नकली दस्तावेज दिखाते थे। झांसे में आकर लोग लाखों रुपये जमा कर देते थे। आरोपी सबसे पहले सोशल मीडिया, फोन कॉल और होटल-मॉल में लगाए गए प्रमोशनल कैंप के जरिए लोगों से संपर्क करते थे। लोगों को बताया जाता था कि कंपनी विशेष ऑफर दे रही है। इसमें कम रकम में विदेश यात्रा, फाइव स्टार होटल, फ्लाइट टिकट और फ्री हॉलीडे जैसी सुविधाएं मिलेंगी। जब कोई ग्राहक रुचि दिखाता तो उसे कंपनी के ऑफिस बुलाया जाता। वहां शानदार प्रस्तुति देने के साथ नकली एग्रीमेंट, पर्यटन मंत्रालय के फर्जी दस्तावेज और नकली पहचान पत्र दिखाकर भरोसे में लिया जाता। लोगों को बताते थे कि ऑफर केवल उसी दिन के लिए है, इसलिए तुरंत भुगतान करना होगा। रकम लेने के बाद आरोपी या तो टूर बुक नहीं करते या फिर अधूरी सुविधाएं देते थे। कई पीड़ितों का आरोप है कि उन्हें होटल बुकिंग और टिकट तक नहीं मिले। शिकायत करने पर कंपनी के कर्मचारी फोन उठाना बंद कर देते थे। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने इस तरीके से कई लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की है।

**फर्जी दस्तावेजों की बरामदगी:** पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पर्यटन मंत्रालय के तीन फर्जी आईकार्ड, 180 फर्जी विजिटिंग कार्ड, 14 फर्जी मोहरें, 15 फर्जी एमओयू दस्तावेज, तीन मोबाइल फोन, एक क्रेटा कार और सात हजार सौ रुपये बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने माना कि उन्होंने लोगों को झांसा देकर बड़ी रकम कमाई। पुलिस अब आरोपियों के बैंक खातों और अन्य दस्तावेजों की जांच कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस गिरोह से और कौन-कौन लोग जुड़े थे।

**सभी आरोपी स्नातक तक पढ़े:** इमरान दिल्ली के सौरभ विहार का रहने वाला है। वहीं, अभय मूलरूप से श्रावस्ती का रहने वाला है और वर्तमान में सेक्टर-48 के बी ब्लॉक में किराए का कमरा लेकर रहता है। शैलेंद्र सिंह बलिया का रहने वाला है और अभी सेक्टर-75 स्थित एक सोसाइटी में रहता है। शैलेंद्र गिरोह का सबसे उम्रदराज सदस्य है। उसकी उम्र 38 साल है। अन्य दोनों 35 साल के हैं। तीनों स्नातक पास हैं। पुलिस आरोपियों का आपराधिक इतिहास पता कर रही है।

**सावधानी बरतने की सलाह**

**बचाव के लिए सावधानी बरतें**

- किसी भी ट्रैवल कंपनी की वेबसाइट, जीएसटी नंबर और रजिस्ट्रेशन जरूर जांचें
- पर्यटन मंत्रालय की मान्यता का दावा करने वाली कंपनी की जानकारी सरकारी पोर्टल पर सत्यापित करें
- बहुत सस्ते और अविश्वसनीय ऑफर से सावधान रहें। बिना जांच-पड़ताल के एडवांस भुगतान न करें
- भुगतान हमेशा कंपनी के आधिकारिक खाते में करें। कंपनी का ऑफिस, ग्राहक समीक्षा और सोशल मीडिया प्रोफाइल जरूर देखें
- एग्रीमेंट और रसीद लिए बिना पैसा जमा न करें। अगर कंपनी तुरंत निर्णय लेने का दबाव बना रही हो तो सतर्क हो जाएं।

**पिछले ठगी के मामले**

> छुट्टियों के दिनों में इस तरह की ठगी तेजी से बढ़ जाती है। इसलिए लोगों को लालच में आने के बजाय पूरी जांच-पड़ताल के बाद ही किसी कंपनी से टूर पैकेज खरीदना चाहिए। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी इस प्रकार की ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य हैं।
>
> **-मनीषा सिंह, एडिशनल डीसीपी, नोएडा**

**पहले भी सामने आ चुके ऐसे मामले**

18 **जनवरी** 2024: सेक्टर-63 थानाक्षेत्र में एक निजी कंपनी कर्मचारी से थाईलैंड टूर पैकेज के नाम पर करीब 2.5 लाख रुपये की ठगी हुई। पीड़ित को पांच सितारा होटल और फ्लाइट टिकट का वादा किया गया, लेकिन भुगतान के बाद कंपनी का फोन बंद हो गया।

7 **अगस्त** 2024: सेक्टर-58 इलाके में एक परिवार से यूरोप टूर पैकेज दिलाने के नाम पर करीब चार लाख रुपये ऐंठ लिए गए। आरोपी खुद को अंतरराष्ट्रीय ट्रैवल एजेंसी का प्रतिनिधि बताते थे। बाद में दिए गए होटल और टिकट सभी फर्जी निकले।

12 **फरवरी** 2025: ग्रेटर नोएडा में एक दंपती से हनीमून पैकेज के नाम पर डेढ़ लाख रुपये की ठगी की गई। सोशल मीडिया विज्ञापन देखकर दंपति ने भुगतान किया था। एयर टिकट और होटल बुकिंग का दावा किया गया, लेकिन यात्रा की तारीख आने पर सभी दस्तावेज नकली निकले।

## छात्र का पैर कटा

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से 11वीं कक्षा के छात्र का पैर काटना पड़ा। यह घटना बागपुर गांव के पास हुई थी। हादसे के लगभग चार महीने बाद, पीड़ित परिवार ने शनिवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। बागपुर गांव निवासी नवीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि यह घटना 15 जनवरी को हुई थी। उनका 16 वर्षीय बेटा आयुष गांव के पुल के पास बाल कटवाने के बाद पैदल घर लौट रहा था। तभी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी, जिससे आयुष गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आयुष को तुरंत ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसकी जान बचाने का प्रयास किया, लेकिन गंभीर चोट और संक्रमण फैलने के कारण उसका दाहिना पैर काटना पड़ा। परिवार के अनुसार, आयुष उनका इकलौता बेटा है और वह 11वीं कक्षा का छात्र है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि ट्रैक्टर चालक लापरवाही और तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। परिवार ने शनिवार को दनकौर कोतवाली पहुंचकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि बेटे के इलाज में व्यस्त होने के कारण वे पहले मामला दर्ज नहीं करा पाए थे। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शादी का कार्यक्रम रद्द होने पर बकाया राशि लौटाने का आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला उपभोक्ता आयोग ने बेटी की शादी का कार्यक्रम रद्द होने के बाद बची हुई धनराशि वापस न करने पर रामा बैंकेट हॉल के मालिक को उपभोक्ता को भुगतान करने का आदेश दिया है। आयोग ने 30 दिन के अंदर ब्याज सहित राशि लौटाने के निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्य अंजु शर्मा ने की।

नोएडा सेक्टर-75 निवासी जय प्रकाश भाटी ने अपनी पुत्री की शादी के लिए 20 मार्च 2023 को अमरजीत सिंह का रामा बैंकेट हॉल की बुकिंग कराई थी। बुकिंग के समय पांच हजार रुपये ऑनलाइन जमा किए गए, जबकि 21 मार्च 2023 को 7.75 लाख रुपये नकद भुगतान किए गए। शेष राशि शादी के बाद देनी तय थी। पुत्री की शादी 22 जून 2023 को होनी थी, लेकिन परिस्थितिवश रिश्ता टूट जाने के कारण शादी निरस्त हो गई। इसकी सूचना एक माह पहले ही बैंकेट हॉल संचालक को दे दी गई थी। शिकायतकर्ता ने धनराशि वापस मांगी तो उन्हें आश्वासन दिया गया कि भविष्य में किसी अन्य कार्यक्रम में राशि समायोजित कर दी जाएगी।

इसी दौरान उनके पुत्र निशांत की शादी तय हुई, जिसका कार्यक्रम 19 नवंबर 2023 को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में करीब छह लाख रुपये समायोजित कर दिए गए। इसके बाद उनकी बेटी की शादी 25 नवंबर 2024 को तय हुई। इसके लिए दोबारा बैंकेट हॉल बुक कराने पहुंचे, लेकिन संचालक ने शेष 1.50 लाख रुपये समायोजित करने से इंकार कर दिया। कई बार संपर्क करने के बावजूद धनराशि वापस नहीं की गई। जय प्रकाश भाटी ने जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। सुनवाई के दौरान अमरजीत सिंह ने आयोग के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया, जिसके चलते आयोग ने एक पक्षीय सुनवाई की।

## एक नजर

### स्कूल बसों की जांच कल से शुरू होगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यूपी इंटीग्रेडेट स्कूल व्हीकल मैनेजमेंट पोर्टल पर दर्ज ऐसी बसों के दस्तावेज, जिनकी परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम अब तक जांच नहीं कर पाई है, उनकी जांच सोमवार से शुरू होगी। 200 से अधिक स्कूल बसें ऐसी हैं, जिनकी जांच होनी है। विभाग के अनुसार लगभग 3440 बसों के दस्तावेज पोर्टल पर स्कूलों ने दर्ज किए हैं। इन बसों की जांच भी की जा रही है। इसमें मिलान किया जा रहा है कि स्कूलों द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज ठीक हैं या नहीं। 200 से अधिक स्कूलों बसों की जांच शेष है। एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने कहा कि www.upisvmp.com पर बसों के दस्तावेज अपलोड किए जा रहे हैं।

### आवासीय प्लॉट पर 12 साल में निर्माण न कराने वालों को सशुल्क समयवृद्धि

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शहर में आवंटन के बाद 12 साल तक आवासीय प्लॉट पर निर्माण न कराने वालों के लिए नोएडा प्राधिकरण सशुल्क समयवृद्धि का विकल्प लाया है। ऐसे प्लॉट पर आवंटन दर का 10 प्रतिशत बतौर शुल्क जमा कर एक साल की समयवृद्धि प्राधिकरण देगा। 6 अप्रैल को हुई बोर्ड बैठक में यह प्रस्ताव नोएडा प्राधिकरण की तरफ से रखा गया था। मंजूरी के बाद इसे प्रभावी करने के लिए प्राधिकरण के सीईओ कृष्ण करुणेश ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक यह विकल्प सिर्फ उन आवंटियों को ही मिलेगा जो 7 मई से तीन महीने के अंदर समयवृद्धि के लिए आवेदन करेंगे। कई सेक्टरों में खाली पड़े प्लॉट समस्या बने हुए हैं। सेक्टर के आरडब्ल्यूए व निवासी प्राधिकरण से लगातार इनकी समस्याओं को लेकर शिकायत करते रहते हैं। अब तक का नियम यह है कि आवासीय प्लॉट का आवंटी आवंटन के 12 साल के अंदर निर्माण कर पूर्णता प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा लेकिन बहुत से प्लॉट ऐसे हैं, जिन पर यह समयावधि बीतने के बाद भी निर्माण पूरा नहीं हुआ है। इनके लिए प्राधिकरण ने यह निर्णय लिया है।

### जिले में बिना हेलमेट-सीट बेल्ट चालान की संख्या 15 फीसदी तक बढ़ी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिले में अभी भी कई लोग हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने को लेकर गंभीर नहीं है। इसका अंदाजा बढ़ते चालान की संख्या से लगाया जा सकता है। बीते तीन साल में 15 फीसदी तक चालान बढ़ गए। परिवहन विभाग की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी शुक्रवार को जारी की गई है। परिवहन विभाग के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 में बिना हेलमेट और सीट बेल्ट वाहन चलाने के कारण 26964 गाड़ियों के चालान किए गए थे। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 27855 और 2025-26 में 31206 गाड़ियों के चालान किए गए थे। इसमें बिना हेलमेट चालान की संख्या अधिक है। एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे ने कहा कि बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों में युवा वर्ग अधिक है। वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन को लेकर समय-समय पर वाहन चालकों को जागरूक किया जाता है। हेलमेट और सीट बेल्ट हादसे में जान बचाने वाले महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण हैं। हेलमेट सिर की सुरक्षा करती है और सिर को सीधे टकराने से बचाकर चोट के जोखिम को 70 फीसदी तक कम करता है। वहीं, सीट बेल्ट दुर्घटना के समय यात्री को कार के अंदर ही थामे रखकर और अचानक रुकने के झटके से बचाकर मृत्यु दर को करीब 50 फीसदी तक कम करती है।

### कथा में सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-63ए में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सांतवे दिन शनिवार को सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए सच्ची मित्रता, भक्ति और समर्पण का संदेश दिया। कथावाचक महंत राजेन्द्रानन्द सरस्वती ने श्रीमद्भागवत को महापुराण कहे जाने का रहस्य भी बताया। इस दौरान डॉ. प्रवीण कुमार, वीना वर्मा, आरपी सिंह और अनुपम सिंह सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## गर्मी की छुट्टियों में शिक्षकों के बाहर जाने पर रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** माध्यमिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को गर्मी की छुट्टियों में जनपद में रहने का आदेश जारी किया गया है। गर्मी की छुट्टी में कई बड़ी परीक्षाएं जनपद में होनी हैं। जिले में लेखपाल, आईएएस, बीएड, आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा, राजकीय इंटर कॉलेज में प्रवक्ता भर्ती परीक्षा और यूपीटेट की प्रवेश परीक्षा परीक्षाएं करानी जानी है।

जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षाओं के दौरान जिले के बाहर बिना अनुमति के कोई भी शिक्षक नहीं जा सकेगा। उन्होंने बताया कि जिले में लेखपाल भर्ती की प्रवेश परीक्षाएं एक पाली में 21 मई को कराई जाएंगी। आईएएस प्रवेश परीक्षा 24 मई को दो पाली में होंगी। बीएड प्रवेश परीक्षा 31 मई को दो पाली में कराई जानी है। आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की प्रवेश भर्ती परीक्षा आठ, नौ और 10 जून को प्रतिदिन दो पालियों में कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज में प्रवेश प्रवक्ता की परीक्षा 14 जून को एक पाली में होगी। वहीं यूपीटेट की प्रवेश परीक्षा दो, तीन और चार जुलाई को प्रतिदिन दो पाली में कराई जाएंगी। यदि कहीं किसी आवश्यक काम के चलते जिले के बाहर जाना होगा, तो उसे विभाग को लिखित में जानकारी देने के साथ ही अनुमति लेना आवश्यक होगा। आदेश जारी किए जाने के बाद भी यदि कोई जिले से बाहर बिना अनुमति के जाता है, तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रेनो प्राधिकरण ने ननवा का राजपुर में हटाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अधिसूचित क्षेत्र ननवा का राजपुर की लगभग 20 हजार वर्ग मीटर जमीन पर अवैध निर्माण पर बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया, जिसकी कीमत लगभग 40 करोड़ रुपये होने का आकलन है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर भूलेख और परियोजना विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की है। कालोनाइजर ननवा का राजपुर के खसरा नंबर 156 व आसपास की जमीन पर प्लॉटिंग की कोशिश कर रहे थे।



ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने चेतावनी दी है कि अधिसूचित एरिया में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए बिना अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि ननवा का राजपुर के खसरा नंबर 156 व आसपास की जमीन पर कालोनाइजर अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। प्राधिकरण के भूलेख विभाग के ओएसडी रामनयन सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह और अन्य ने प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में शनिवार को यह कार्रवाई की। कार्रवाई लगभग दो घंटे चली। अधिकारियों ने दोबारा निर्माण करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

## खेलो इंडिया सेंटर का भारतीय खेल प्राधिकरण के उप निदेशक ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** जिला खेल कार्यालय गौतमबुद्धनगर के मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में संचालित कुश्ती खेलो इंडिया सेंटर का निरीक्षण खेलो इंडिया स्कीम एवं भारतीय खेल प्राधिकरण दिल्ली के उप निदेशक शम्भू यादव द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेलो इंडिया स्कीम की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों को अपना लक्ष्य ओलम्पिक में पदक जीतने का रखना चाहिए, तभी भारत विश्व रैंकिंग में टॉप-10 में स्थान बना सकेगा।



उप निदेशक ने खेलो इंडिया स्कीम की कोच अंजुम मालिक को कम उम्र के खिलाड़ियों एवं महिला खिलाड़ियों को स्कीम में शामिल करने के निर्देश दिए, जिससे भविष्य में देश को अच्छे खिलाड़ी मिल सकें।

प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. परवेज अली ने बुके भेंटकर एवं शॉल पहनाकर उप निदेशक का सम्मान किया। इस अवसर पर कबड्डी कोच सुमित कुमार, बास्केटबॉल कोच विजय, जिम कोच शुभम नागर तथा कार्यालय सहायक देवेन्द्र कौशिक उपस्थित रहे।

## नासा पार्किंग से शारदा रोटरी तक चौड़ी हो रही सड़क, बनेगी मॉडल रोड

**नोएडा।** नॉलेज पार्क-2 में एक्सपो सेंटर के अलावा शैक्षिक संस्थाओं में आने वाले छात्र-छात्राओं के साथ आगुंतकों को राहत देने के लिए 132 मीटर रोड की मुख्य कैरिज को चार लेन से छह लेन किया जा रहा है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने निर्माण कार्य शुरू करा दिया है।

चौड़ीकरण के बाद इस सड़क को मॉडल रोड बनाने पर भी काम होगा। इसमें पैदल चलने वालों के लिए अलग से पेडेस्ट्रियल लेन विकसित की जानी है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि पिछले सालों में नासा पार्किंग से जुड़ने वाली सड़कों पर वाहनों का दबाव तेजी से बढ़ा है। ऐसे में यहां सड़क चौड़ी करने की जरूरत महसूस हुई है। यही वजह है कि नासा रोटरी से शारदा रोटरी के बीच अभी 132 मीटर रोड पर करीब सात मीटर चौड़ी मुख्य कैरिज थी। इसे अब चौड़ा कर 12.5 मीटर किया जा रहा है। इससे मुख्य कैरिज छह लेन की हो जाएगी। इसके अलावा ग्रीनबेल्ट और सर्विस लेन अलग रहेंगी। अगले दो महीने में चौड़ीकरण का काम पूरा हो जाएगा।

वरिष्ठ प्रबंधक राजेश निम ने बताया कि नासा रोटरी से शारदा रोटरी तक लगभग 1400 मीटर में चौड़ीकरण काम हो रहा है। इसमें मौजूदा सेंट्रल वर्ज और ग्रीनबेल्ट की जमीन को शामिल किया गया है। 12.5 मीटर तक मुख्य कैरिज को चौड़ा किया जाना है। इसके बाद मॉडल रोड बनाने के प्रस्ताव पर काम शुरू होगा। इसमें पैदल चलने वालों की सुरक्षा के लिए मुख्य कैरिज और पेडेस्ट्रियन लेन के बीच बोलार्ड लगाए जाएंगे।

## रंगदारी नहीं देने पर ढाबा संचालक पर धारदार हथियार से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** 2.5 लाख रुपए रंगदारी नहीं देने पर बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित प्रधान ढाबा संचालक पर धारदार हथियार से हमला किया गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि डेरी मच्छा गांव के रिंकू ढाबा चलाते हैं। 29 अप्रैल को बढ़पुरा गांव निवासी आदित्य ने व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से 2.5 लाख रुपए की मांग की, लेकिन उन्होंने देने से मना कर दिया। उसके बाद छह मई को आदित्य ने अंजाम भुगतने की धमकी दी। रात को रिंकू जब ढाबे के काउंटर पर बैठा था, तभी आदित्य तीन साथियों के साथ पहुंचा और सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया, जिससे वह घायल होकर खून से लथपथ हो गया। शोर मचाने पर आदित्य साथियों के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

## स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित गौड़ सिटी मॉल के सामने सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की बहन ने स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पुलिस को दी गई तहरीर में बदायूं निवासी एकता शर्मा ने बताया कि उनके बड़े भाई कुलदीप कुमार शर्मा चार मई की रात करीब 10 बजे गौड़ सिटी मॉल के सामने पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिसरख ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# दो मजदूरों की हत्या करने वाला गिरफ्तार

## एक को बहन की मौत का बदला लेने के लिए मारा, दूसरे का चुप करने के लिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दो मालियों की हत्या के आरोपी से पुलिस की मुठभेड़ हुई है। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह हुई इस मुठभेड़ में बदमाश अभिषेक के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया है।।पुलिस के अनुसार, मुठभेड़ के दौरान आरोपी अभिषेक ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। इसमें एक पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली अभिषेक के पैर में लगी। इसके बाद उसे दबोच लिया गया।



शुक्रवार को निर्माणाधीन हॉस्टल में आरोपी अभिषेक अपने दो साथी मजदूरों, शीशपाल (25) और इंद्रपाल (50) के साथ शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर तीनों के बीच विवाद हो गया।।विवाद बढ़ने पर अभिषेक ने पहले एक मजदूर के सिर पर फावड़े से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

इसके बाद, दूसरे मजदूर द्वारा पुलिस को सूचना देने के डर से, उसने दूसरे मजदूर को भी फावड़े से सिर पर वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या के बाद आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और जानकारी जुटाई। पता चला कि ये तीनों लोग तीन दिन पहले मेरठ से निर्माणाधीन हॉस्टल में माली का काम करने आए थे। पुलिस ने आरोपी अभिषेक के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त फावड़ा, एक तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि इस पूरे मामले की विस्तृत जानकारी प्रेस वार्ता के माध्यम से साझा की जाएगी।

**बहन का बदला लेने के लिए दो हत्याएं:** डीसीपी ग्रेटर नोएडा परवीन रंजन सिंह ने बताया कि आरोपी अभिषेक की बहन के शीशपाल से संबंध थे, यह बात अभिषेक को पता थी। उसकी बहन का 2021 में देहांत हो गया था। तब से आज तक वह बदला लेने की फिराक में था। यहां जब काम पर इन लोगों को बुलाया गया।

तो वह भी इनके साथ इसी इरादे से आ गया और रात्रि में पहले इन तीनों ने मिलकर शराब पी। रात में ही आरोपी को मौका मिल गया और उसने शीशपाल को मार दिया। उसने दूसरे मजदूर इंद्रपाल को सिर्फ इसलिए मारा कि कही वह सबको यह मर्डर की बात न बता दे।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# किसान के बेटे की हत्या कर शव नहर में फेंका

## सिर में नुकीले हथियार से किया वार, सूखी नहर में खून से लथपथ मिला शव





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब मध्य गंगा नहर में एक युवक का खून से सना शव पड़ा मिला। नहर के पुल की रेलिंग पर खून के छींटे और नीचे पड़े शव को देखकर ग्रामीणों के होश उड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। मृतक की पहचान गांव फरीदपुर उर्फ नसीरपुर निवासी किसान पीतम सिंह के बेटे दुष्यंत के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह गांव शहबाजपुर और श्यामपुर के कुछ लोग खेतों की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर दोनों गांवों के बीच गुजर रही सूखी पड़ी मध्य गंगा नहर के पुल पर पड़ी, जहां रेलिंग और जमीन पर खून फैला हुआ था। शक होने पर लोगों ने नीचे झांककर देखा तो करीब 15 फीट नीचे नहर में एक युवक का शव पड़ा मिला। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ अभिषेक यादव और डिडौली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद शव की पहचान 35 वर्षीय दुष्यंत के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि दुष्यंत गुरुवार दोपहर परिवार में कहासुनी के बाद घर से निकल गया था और तभी से लापता था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन शनिवार सुबह उसकी हत्या की खबर ने पूरे परिवार को तोड़ दिया। मृतक के सिर पर कई गंभीर चोटों के निशान मिले हैं। एक वार इतना गहरा है कि पुलिस को आशंका है कि किसी नुकीली वस्तु से सिर पर हमला किया गया। शरीर पर मारपीट के भी निशान मिले हैं। घटना के बाद परिवार में को.

■ **गुरूवार से था लापता, पुल की रेलिंग व जमीन पर मिला खून, तीन संदिग्ध हिरासत में**

हराम मचा हुआ है। मृतक के परिवार में पिता पीतम सिंह, मां माया देवी, छोटा भाई संकित और उसकी पत्नी खुशी हैं। दोनों बहनों रिंकू और सिंकू की शादी हो चुकी है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि दुष्यंत पहले रजबपुर थाने से सिलेंडर चोरी के आरोप में जेल जा चुका था। वहीं करीब चार महीने पहले उसकी मां और भाई ने डिडौली कोतवाली में उसके खिलाफ मारपीट की शिकायत भी दी थी। पुलिस अब पुरानी रंजिश, पारिवारिक विवाद और आपराधिक एंगल को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद हत्या की वजह साफ हो सकेगी।

### बीच सड़क पति-पत्नी का हाई वोल्टेज ड्रामा

# तीन बच्चों की मां ने पति को सौतन के साथ पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तीन बच्चों की मां ने बीच सड़क पर सौतन संग पति को पकड़ लिया तथा उसकी सड़क पर ही जमकर कुटाई की। हंगामें के बीच अफरा तफरी मची रही। डायल 112 में मौके पर पहुंचकर हालात को काबू में किया।

कहते हैं कि इश्क और जंग में सब जायज है। लेकिन हसनपुर के मोहल्ला खेवान में जो हुआ, उसने जंग के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये। यहाँ एक बेवफा पति को उसकी पहली पत्नी ने रंगे हाथों पकड़ लिया। जिसके बाद बीच सड़क पर जो श्गदरश मचा, उसे देख मोहल्ले वाले भी दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर हो गये। पूरा मामला किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। पीड़िता का दावा है कि उसका पति उसे और उसके तीन बच्चों को बेसहारा छोड़कर गायब हो गया था। पत्नी दर-दर की ठोकरें खाकर उसे तलाश रही थी। आखिरकार, सुराग मिलते ही वह हसनपुर के मोहल्ला खेवान जा धमकी। जहाँ उसने अपने पति को उसकी श्नई नवेलीश दुल्हन पत्नी के साथ देख लिया। पति को दूसरी महिला के साथ देखते ही पत्नी का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। फिर क्या था शुरू हुआ गाली-गलौज और मारपीट का दौर। पत्नी ने सौतन और पति की जमकर क्लास लगाई। बीच बचाव करने आये लोगों की भीड़ से पूरा इलाका दंगल के जैसी भीड़ में तब्दील हो गया। अफरा-तफरी का आलम यह था कि सड़क पर पैर रखने की जगह नहीं बची। हंगामे की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची। पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद श्पति-पत्नी और वोश के इस त्रिकोण को शांत कराया। और तीनों को पकड़कर कोतवाली ले गई। फिलहाल, तीन बच्चों की मां इंसाफ की गुहार लगा रही है। जबकि श्बेवफाश पति अब पुलिस की गिरफ्त में है। छुपकर दूसरी शादी करने वाले सावधान पत्नी की नजर से बचना नामुमकिन है। महिला व उसका पति मंडी धनोरा का रहने वाला बताया जा रहा है। पति दूसरी पत्नी को मोहल्ला खेवान में एक रिश्तेदारी में लेकर पहुंचा था।

# माताओं को दिये स्वास्थ्य व पालन-पोषण के टिप्स



### हैप्पी हार्ट्स प्रीस्कूल में मातृत्व टॉक शो का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कैलसा रोड स्थित हैप्पी हार्ट्स एन इंटरनेशनल प्रीस्कूल में टॉक शो मातृत्व सीजन-2 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को बच्चों के शारी. रिक, मानसिक और भावनात्मक विकास के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने माताओं के स्वास्थ्य, बच्चों के व्यवहार, बेहतर पालन-पोषण और संतुलित जीवनशैली से जुड़े सवालों के जवाब दिए। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. लीना मेहरोत्रा ने महिलाओं के स्वास्थ्य और घरेलू देखभाल से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। वहीं योग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि मेहरोत्रा ने योग और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। विद्यालय की निर्देशिका डॉ. इन्दू कौरा ने बच्चों की मानसिक स्थिति और मातृत्व की भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि विद्यालय प्रबंधिका अंजलि टंडन ने माताओं को परिवार और समाज के विकास में उनकी अहम भूमिका के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत राम स्तुति से हुई। इसके बाद माताओं ने विभिन्न गतिविधियों और खेलों में भाग लेकर कार्यक्रम का आनंद लिया। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर जूही राज ने सभी अतिथियों, शिक्षिकाओं और माताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# 21 साल तक आतंकियों के जख्मों से लड़ा जवान

## सीआरपीएफ जवान को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी अन्तिम विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला मेहंदीपुर में शुक्रवार को उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब सीआरपीएफ के बहादुर जवान रूप किशोर का उपचार के दौरान निधन हो गया। 45 वर्षीय जवान ने शुक्रवार शाम करीब चार बजे नोएडा के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार सहित पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। गंगा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें अंतिम विदाई दी।

बताते चलें कि रूप किशोर वर्ष 2003 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे। वर्ष 2005 में श्रीनगर में तैनाती के दौरान आतंकवादियों द्वारा सुरक्षाबलों पर किए गए हमले में उन्होंने बहादुरी से मुकाबला किया था। इसी दौरान आतंकियों की एक गोली उनके सीने में जा लगी थी। गंभीर रूप से घायल होने के बाद वे पैरालाइज हो गए थे और उनके शरीर के निचले हिस्से ने काम करना बंद कर दिया था। बावजूद इसके उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लंबे समय तक सीआरपीएफ कार्यालय में रहकर अपनी सेवाएं देते रहे। बताया जा रहा है कि जनवरी माह में तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें घर ले आए थे। शुक्रवार सुबह अचानक हालत ज्यादा खराब होने पर उन्हें नोएडा के सेक्टर-10 स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। जवान के निधन की सूचना पर सीआरपीएफ मुख्यालय से 15 जवानों की टुकड़ी उनके पैतृक आवास पहुंची। गंगा घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें अंतिम विदाई दी। सीआरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि रूप किशोर एक निर्भीक, कर्तव्यनिष्ठ और देशभक्त जवान थे। उनका साहस और बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। जवान अपने पीछे गमगीन परिवार और देश सेवा की गौरवशाली मिसाल छोड़ गए हैं।

■ **श्रीनगर मुठभेड़ में सीने पर खाई थी गोली**



## एक नजर

### द आर्यन्स में उत्साहपूर्वक मना मदर्स डे



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** द आर्यन्स जोया में शनिवार को मदर्स डे धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने स्वनिर्मित कार्ड, फोटो फ्रेम, गुलदस्ते और आकर्षक आभूषण बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जूनियर, मिडिल और सीनियर वर्ग में आयोजित प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। किंडर गार्डन के बच्चों ने समूह गायन और नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं विद्यार्थियों की माताओं ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में विजेता माताओं को सम्मानित किया गया तथा सभी माताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य आदेश सिंह ने कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में मां की भूमिका सबसे अहम होती है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, स्टाफ और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

### श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई महाराणा प्रताप जयंती



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** कस्बा डिडौली में शनिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। क्षत्रिय समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किए तथा केक काटकर जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और देशभक्ति को याद करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सामाजिक एकता और राष्ट्रभक्ति का संदेश भी दिया गया। इस मौके पर ठाकुर पोपाल सिंह, आदेश कुमार, पंकज सिंह, बब्लू, प्रदीप सिंह, राजकुमार सिंह, अमित कुमार, राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।

### एथलेटिक्स में अर्पित व हिमांशी ने जीते स्वर्ण पदक



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित 29वीं सीनियर पुरुष एवं महिला एथलेटिक्स चौंपियनशिप में अर्पित सिंह और हिमांशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। अर्पित सिंह ने 7.38 मीटर लंबी छलांग लगाकर लंबी कूद में गोल्ड मेडल जीता, जबकि महिला वर्ग में हिमांशी ने 6.23 मीटर लंबी कूद और त्रिकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ी कोच सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में एएसएम इंटर कालेज खाता के खेल मैदान पर प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। कोच ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो 22 से 25 मई तक रांची में आयोजित होगी।

### प्रशासनिक न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना ने दिलाई बार के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ

# अधिवक्ता ही न्याय के सच्चे प्रहरी: अवनीश



अमरोहा। बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते इलाहाबाद उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति अवनीश सक्सैना।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति अवनीश सक्सैना ने कहा कि अधिवक्ता का पेशा निरंतर सीखने व संघर्ष का पेशा है तथा युवा अधिवक्ताओं को अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ना चाहिए। अधिवक्ता न्याय व्यवस्था के प्रहरी होते हैं व न्याय की स्थापना के लिए बार एवं बेंच के बीच बेहतर तालमेल बेहद जरूरी है।

जोया रोड स्थित होटल में बार एसोसिएशन की निर्वाचित कार्यकारिणी कोप शपथ ग्रहण करायी गयी। प्रशासनिक न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अधिवक्ता का पेशा सीखने और संघर्ष का पेशा है। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं को अनुशासन और मेहनत के साथ कार्य करने की सलाह देते हुए कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था के प्रहरी होते हैं और न्याय की स्थापना के लिए बार एवं बेंच के बीच बेहतर तालमेल बेहद जरूरी है। उन्होंने बार एसोसिएशन की समस्याओं के समाधान का भरोसा भी दिलाया। विशिष्ट अतिथि जिला जज विवेक ने भी बार और बेंच को न्याय व्यवस्था के दो मजबूत स्तंभ बताते हुए आपसी समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कपिल कुमार चिकारा ने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए सभी वादों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा और अधिवक्ताओं के सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। महासचिव अरशद हुसैन भारती ने अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और कल्याण के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प दो. हराया। कार्यक्रम में विवेक जी, लो. केश राय, मधुलिका चौधरी, प्रवीर सिंह एड., मुदित माथुर एड., महावीर सिंह, खालिक उज्जमा एड., तेजपाल सिंह एड., अवनीश शरण बंसल एड., अली इमाम रिजवी एड., मोहन सिंह एड., सतीश त्यागी एड., सलीम खान एड. ने संबोधित किया। कार्यक्रम में जुल्फिकार खां, बलविन्दर सिंह, अतुल सक्सेना, विवेक नारायण शर्मा, चन्द्रवीर सिंह, अमित कुमार जैन, मो. यासिर अंसारी, सैयद आदिल, अबू सूफियान, मुस्तफा सुहैल, मोहम्मद इजहार, मोहम्मद फैज, मेहंदी हसन, शैलेन्द्र शर्मा, नंदराम सिंह राणा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# लोक अदालत में 5623 वादों का निस्तारण

## एक करोड़ 33 लाख 91 हजार रूपये की वसूली


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 123811 वाद लगाए गए। इसमें से 108515 विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण कि या गया। जिला न्यायालय में कुल 5623 वादों का निस्तारण हुआ। शनिवार को जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत की शुरुआत प्रशासनिक न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद अवनीश सक्सेना ने की। उन्होंने अपने सबोधन में कहा कि यह अभियान जनजागरूकता, सामाजिक विकास और राष्ट्रहित के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश और समाज की उन्नति के लिए सभी लोगों की भागीदारी आवश्यक है तथा यह पहल उसी दिशा में एक मजबूत प्रयास है। जनपद न्यायाधीश, विवेक कुमार ने कहा कि लोक अदालत भारतीय न्याय व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसके माध्यम से वादकारियों को सरल, सुलभ एवं त्वरित न्याय प्राप्त होता है। लोक अदालत में जिला न्यायालय अमरोहा के कुल 5623 वादों का निस्तारण किया गया है, जिसमें 2760 फौजदारी के वादों का निस्तारण करते हुए 197520 रूपये जुर्माने के रूप में वसूल हुए तथा विद्युत अधिनियम के 585 वादों का निस्तारण हुआ। कुटुम्ब न्यायालय के द्वारा पारिवा. रिक मामलों के 8 वादों का निस्तारण किया गया और 02 जोड़े साथ-साथ रहने को राजी हुए। सिविल के 33 वादों का निस्तारण किया गया तथा (बैंको के ऋण वसूली वाद, दूर संचार के वाद, ए. आर.टी.ओ. के बालान, पुलिस के चालान आदि) का निस्तारण करते हुए कुल 13391020/ रूपये वसूले गये तथा जनपद के सभी तहसीलों व राजस्व न्यायालयों के कुल 1723 वादों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ नितिन गौड़ और पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के अलावा जिला न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। संचालन सिविल जज रितु लोहा ने किया।

### भारत विकास परिषद के अध्यक्ष बने अनुपम







**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** भारत विकास परिषद मैत्री शाखा के अनुपम अग्रवाल अध्यक्ष, मनु मंत्री जबकि अरुण कोषाध्यक्ष चुने गए। नौगावा रोड स्थित होटल में भारत विकास परिषद मैत्री शाखा की ओर से सभा का आयोजन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से अनुपम अग्रवाल को अध्यक्ष अरुण रस्तौगी को कोषाध्यक्ष जबकि मनु कमल गुप्ता को मंत्री चुना गया। शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी गई साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन और सेवा कार्यों में निरंतर प्रगति की आशा व्यक्त की गई। इस अवसर पर प्रमोद गुप्ता, अरुण रस्तौगी, कपिल, इंद्र मोहन गुप्ता, संदीप, अतुल सक्सैना, अजय अग्रवाल, समीर खंडेलवाल, अतुल, विशाल माहेश्वरी, नीरज, संजय बाहेती उपस्थित रहे।



# भक्ति व उल्लास के साथ भागवत कथा शुरू

## कलश यात्रा में उमड़ा सैलाब, मार्मिक प्रसंग सुन हुए भाव विभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गांव उधनपुर में शनिवार से श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हो गया। आयोजन के पहले दिन निकाली गई भव्य कलश यात्रा और भक्तिमय वातावरण ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। कथा के प्रथम दिन शनिवार गांव में कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। केसरिया और रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर भगवान के जयकारे लगाती नजर आईं। गाजे-बाजे और धार्मिक भजनों पर थिरकते श्रद्धालुओं के साथ यह यात्रा पूरे गांव में घूमी। यात्रा के पश्चात कथा स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश स्थापित कर अनुष्ठान का श्रीगणेश किया गया। प्रथम दिन की कथा में श्री धाम वृंदावन से पधारे कथावाचक देव कृष्ण महाराज ने भागवत महात्म्य का वर्णन किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि कलयुग के इस कठिन समय में संसार रूपी भवसागर से पार उतरने के लिए श्रीमद् भागवत कथा ही एकमात्र सुलभ साधन है। यह मात्र श्रवण का विषय नहीं, बल्कि जीवन में उतारने का मार्ग है। महाराज ने धुंधकारी प्रेत के उद्धार का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भागवत श्रवण से घोर पापियों का भी कल्याण संभव है। इस मार्मिक प्रसंग को सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इस अवसर पर मास्टर विक्रम प्रधान, हरवीर, लाखन सिंह डीलर, मास्टर धर्मपाल सिंह, रामेश्वर सिंह, विजय सिंह, राजीव चौहान, और गंगाराम सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

